# अब तो बाबा सुन लो हम भक्तों की दरकार लिरिक्स

अब तो बाबा सुन लो,
हम भक्तों की दरकार,
अब के जनमदिन से पहले,
तुम खोल देना दरबार।bd।

तर्ज – सावन का महीना।

---

हारे है बाबा हम तो,
बिना तेरे सांवरे,
जीवन की डोर बांधी,
तेरे ही संग सांवरे,
कार्तिक की ग्यारस पर,
हमें दे दो ये उपहार,
अब के जनमदिन से पहले,
तुम खोल देना दरबार।bd।

---

मिलने की चाहत दिल का,
चैन चुराए,
रातों की नींद मेरी,
उड़ी उड़ी जाए,
तरस रहें हैं नैना,
तेरे दर्शन के दिलदार,
अब के जनमदिन से पहले,
तुम खोल देना दरबार।bd।

---

अखियों में आंसू भरे,
बैठे इन्तजार में,
भूखे है हम तो बाबा,
प्यासे तेरे प्यार में,
‘चहल’ दीवाने की तो,
अर्जी पढ़ लो सरकार,
अब के जनमदिन से पहले,
तुम खोल देना दरबार।bd।

---

अब तो बाबा सुन लो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हम भक्तों की दरकार,
अब के जनमदिन से पहले,
तुम खोल देना दरबार।bd।

**Singer – Mahaveer Aggarwal Basu**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com